Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to start air services in Bilaspur, Chhattisgarh.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा बड़ा शहर है । यहाँ पर एसीसीएल का मुख्यालय है, एनटीपीसी है, रेलवे ज़ोन, उच्च न्यायालय और केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं । लेकिन अब तक यहाँ हवाई सेवा प्रारम्भ नहीं हो पायी है । हवाई अड्डा लगभग बनकर तैयार है । मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ क्योंकि यह बिलासपुर की जनता की बहुप्रतीक्षित माँग है । यहाँ की जनता इसके लिए उद्वेलित है । इसलिए शीघ्र ही बिलासपुर से हवाई सेवा प्रारम्भ की जाए । आपके माध्यम से मैं सरकार से यह माँग करता हूँ ।